## महत्वपूर्ण एवं खास

### डायल 112 इवेंट...

न्याय साक्षी/रायगढ़

### आंध्र प्रदेश से रायगढ़ कमाने खाने आयी युवती साथियों से बिछड़ी

» गुम युवती को डायल 112 स्टाफ द्वारा सखी सेंटर पहुंचाया गया



दिनांक 13.12.2019 के शाम कोतवाली (जूटमिल) राइनो 2 को गुम महिला का इवेंट मिला। इवेंट पर कोतवाली राइनो-2 घानापारा सारथी मोहल्ला पहुंची। जहां डायल 112 स्टाफ को विजयवाड़ा (आंध्रप्रदेश) में रहने वाली दिव्या पिता धीरू उम्र 21 साल मिली, पूछताछ में युवती ने बताया कि विजयवाड़ा से कमाने खाने अपने साथियों के साथ रायगढ़ आ रही थी उसके साथी दूसरे बस में बैठकर रायगढ़ आ गए हैं कहां गए हैं जानकारी नहीं है। गुम युवती को राइनो स्टाफ द्वारा ईआरव्ही वाहन से सखी सेंटर पहुंचाया गया जहां काउंसलर द्वारा उसके साथियों से संपर्क के लिए जानकारी जुटाया जा रहा है।

### 4 साल की अबोध बालक को कुत्ते ने काटा



दिनांक 14.12.2019 के दोपहर 2:50 बजे घरघोड़ा राइनो को मेडिकल इमरजेंसी के इवेंट पर ग्राम कंचनपुर के लिए रवाना रवाना किया गया। जहां ग्राम कंचनपुर मेहमानी पर आए राम भरोस राठिया निवासी झिंगोल तमनार के 04 साल के बालक करण राठिया को खेलते समय कुत्ते ने काट लिया था। आहत को राइनो स्टाफ द्वारा ईआरव्ही वाहन से लेकर ईलाज के लिये सीएचसी घरघोड़ा में भर्ती कराया गया है।

### सड़क दुर्घटना में अपने साथी को सड़क पर छोड़ भागा बाइक चालक



भूपदेवपुर राइनो को ग्राम केराझर के पास रोड एक्सीडेंट का इवेंट मिला। इवेंट पर ईआरव्ही वाहन से आरक्षक विनीत तिर्की, थाना भूपदेवपुर घटनास्थल पहुंचा। जहां मोटरसाइकिल पर अपने साथी के साथ डबरा से रायगढ़ आ रहे हरीश कुमार झा पिता अशोक कुमार झा निवासी डबरा जिला जांजगीर चांपा ग्राम केराझर के पास मोटर सायकल दूसरे मोटर सायकल से टकरा गया था। दुर्घटना के बाद उसके साथी बाइक चालक मौके पर उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गया। होश आने पर आहत हरीश झा ने डायल 112 को कॉल कर मदद मांगी जिस पर भूपदेवपुर राइनो के आरक्षक द्वारा आहत को ईआरव्ही वाहन में बिठाकर केजीएच में भर्ती कराया गया है।

### महिला के जहर सेवन पर कोतरारोड राइनो मदद हेतु पहुंची



दिनांक 14.12.19 के सुबह 11:50 बजे कोतरारोड राइनो को ग्राम धनागर में रहने वाली महिला द्वारा जहर सेवन करने का इवेंट मिला। इवेंट पर कोतरारोड राइनो ग्राम घनागर पहुंची जहां रहने वाली मालती सिदार पति राम प्रसाद सिदार उम्र 38 साल जहर सेवन कर ली थी। अहिता को आरक्षक लालजी राठिया द्वारा ईआरव्ही वाहन से ईलाज के लिए केजीएच में भर्ती कराया गया है।

# गुड़ाखु फैक्ट्री के कर्मचारी ने पौने दो लाख रूपये की अफरा-तफरी कर छिपाया तालाब में

» खरसिया पुलिस की तत्परता ने 8 घंटे के अंदर ही तालाब से रूपयों को ढूंढ निकाला

» अविनाश गुड़ाखु फैक्ट्री खरसिया की घटना कर्मचारी ने बनायी थी रूपये हड़पने की योजना





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ जिले के खरसिया तहसील स्थित अविनाश गुड़ाखु फैक्ट्री के कर्मचारी ने फैक्ट्री के लिये सक्ती राधे ट्रेडर्स से मिले 1,84,500 रूपये को हडप्पने के लिये पेमेंट लेकर फरार हो गया था, आरोपी इतना शातिर कि अपना मोबाईल दूसरे नम्बर में फारवर्ड कर रूपयों को रायगढ़ भगवानपुर के तालाब में प्लास्टिक का पैकेट बनाकर डाल दिया था, जिसे खरसिया पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार खरसिया बावनपाली स्थित अविनाश गुड़ाखु फैक्ट्री में रूपेश शर्मा पिता कैलाश चंद शर्मा उम्र 25 साल एकाउंटेंड का काम करता है। गुड़ाखु फैक्ट्री में अमित बारा निवासी जशपुर, नीलाम्बर पटेल, मुकेश दास महंत एवं अन्य आसपास गांव के लोग भी काम करते हैं। दिनांक 12.12.2019 के दोपहर एकाउंटेंड रूपेश शर्मा ने फैक्ट्री में कर्मचारी का काम करने वाले अमित बारा को राधे ट्रेडर्स सक्ती फैक्ट्री का पेमेन्ट 1,84,500/-रूपये लेने अपनी बाईक और एक बैग देकर भेजा था। अमित बारा लगभग 2:30 बजे एकाउंटेंड रूपेश शर्मा को मोबाईल पर बताया कि पेमेंट 1,84,500/रूपये मिल गया है। इसके बाद वह शाम, रात तक अमित बारा रकम लेकर वापस नहीं आया। तब उसके मोबाईल पर कॉल किये जो अमित बारा अपने मोबाईल को अपने साथी मुकेश दास मंहत के नम्बर पर फारवर्ड कर दिया था। रूपये का अफरा-तफरी की आशंका पर एकाउंटेंड रूपेश शर्मा द्वारा दिनांक 13.12.19 के देर रात्रि पुलिस चौकी खरसिया जाकर घटना की सूचना देते हुए अमित बारा के विरूद्ध अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर अप.क्र. 531/19 धारा 406 भादंवि दर्ज किया गया।

चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी खरसिया को घटना की सूचना दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं एसडीओपी पीतांबर पटेल को संदेही अमित बारा की शीघ्र पतासाजी कर माल मशरूका की शत प्रतिशत बरामदगी के निर्देश दिए। एडिशनल एसपी वर्मा एवं एसडीओपी खरसिया पिताम्बर पटेल द्वारा थाना खरसिया एवं चौकी खरसिया स्टाफ को ब्रीफ कर सर्वप्रथम संदेही अमित बारा के मूल निवास दुलदुला जशपुर एवं हाल मुकाम भगवानपुर रायगढ़ में पतासाजी के निर्देश दिए। खरसिया पुलिस के सक्रिय सूचनातंत्र से चंद घंटे में ही संदेही अमित बारा खरसिया पुलिस के हाथ लगा जिसे कड़ी पूछताछ में संदेही अमित बारा ने बताया कि मोटी रकम के लालच में आकर उसने योजना बनाई थी कि फैक्ट्री में जाकर रुपए लूट हो जाने की कहानी बताऊंगा किंतु उसकी योजना असफल रही। आरोपी अमित बारा ने बताया की शक्ति राधे ट्रेडर्स से मिले पेमेंट ?184500 को लेकर दिनांक 12.12.19 के शाम अपने घर रायगढ़ भगवानपुर आया जिसमें से ?15000 खर्च हो चुका था और शेष रू. 1,69,500 को प्लास्टिक में लपेट कर रात्रि करीब 12:00 बजे सुनसान होने पर भगवानपुर कृष्णानगर तलाब के पास झाड़ियों के किनारे कम गहरे पानी अंदर छुपाकर वापस फैक्ट्री जा रहा था कि नवापारा के पास मेनरोड़ में बाईक से गिरने पर बाईक क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपी के मेमोरेंडम पर खरसिया पुलिस द्वारा रुपयों से भरा पैकेट बरामद किया गया है जिसे आरोपी द्वारा स्वयं तालाब के पानी से निकाला गया पैकेट में नगद रू. 1,69,500 बरामद किया गया है। आरोपी अमित बारा पिता बलासियुस बारा उम्र 26 साल निवासी ग्राम खूंटीटोली जतरीपाली थाना दुलदुला जिला जशपुर वर्तमान भगवानपुर रायगढ़ को आज उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

## जी पी एस लगे ट्रकों से धान परिवहन प्रारम्भ

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिला प्रशासन द्वारा धान की खरीदी में काफी ऐतिहात बरती जा रही है ताकि धान खरीदी में किसी प्रकार की अफरातफरी न हो सके ,वही बीते कुछु वर्ष पहले जिला से कई ट्रक धान की चोरी हुई थी जिसका आजतक पता तो नही चला लेकिन इस तरह की धान की चोरी पुनः न हो सके जिसको ध्यान में रखते हुए जिला से परिवहन करने वाले ट्रकों के जी पी एस सिस्टम लगाया जाना आवश्यक किया गया ।ज्ञात हो कि पिछले वर्ष से समर्थन मूल्य में खरीदी किये गए धान को परिवहन करने के लिए हर उस ट्रक में जी पी एस लगे होना अनिवार्य है जिससे धान का परिवहन होना है ताकि उस जी पी एस के माध्यम से धान के उठाई से लेकर ट्रक से धान की उतारने तक कि जानकारी प्रशासान को मिलते रहे ऐसा कोई जाने से धान का अफरातफरी को रोका जा सके इससे प्रशासान को धान परिवहन में काफी फायदा मिलेगा ,लेकिन इस जी पी एस के बारे में कुछ राइसमिलर्स से चर्चा किये जाने पर उन्होंने बताया कि हम इस जी पी एस सिस्टम लागू करने का समर्थन करते है लेकिन इससे हम मिलरों को नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि जिन मिलरों के पास स्वयं का ट्रक है वे अपने ट्रकों में जी पी एस लगाकर धान का परिवहन कर लेंगे लेकिन जिनके पास स्वयं का ट्रक नही है वे जब जब ट्रक किराए से मंगाएंगे उन्हें उसमे जी पी एस लगवाना पड़ेगा और एक जी पी एस की कीमत सात से आठ हजार रुपया है वही इस सिस्टम से धान का अफरातफरी तो रुकेगा लेकिन सभी मिलर्स अब अपने आप को चोर होने की शंका से देख रहे है ।

## मेरिन ड्राइव, पुष्प वाटिका क्षेत्र में महिला रक्षा टीम की रात्रि पेट्रोलिंग

» सुनसान जगह पर बैठे मिले युवाओं के पालकों को बुलाकर दी गई समझाइश



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारी, पुलिस महिला रक्षा टीम तथा डायल 112 स्टाफ को महिला/बच्चों की शिकायत, रिपोर्ट, इवेंट को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्यवाही निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही रात्रि पेट्रोलिंग दौरान महिला/बच्चों के मिलने पर पूछताछ/तस्दीक कर उन्हें मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में दिनांक 13.12.19 के रात्रि पुलिस महिला रक्षा टीम की प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस अपने स्टाफ महिला प्रधान आरक्षक मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक आराधना आनंद, रोजमेरी खेस एवं इंदुलता एक्का के साथ मेरिन ड्राइव, पुष्प वाटिका व क्षेत्र के सुनसान जगहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा था। इसी दरम्यान सुनसान इलाके में बैठे मिले लड़का-लडकियों को व अंधेरे मे बैठे लड़कों से पुछताछ कर उनका डिटेल रजिस्टर में नोट किया गया और उसी समय उनके पैरेंट्स को बुलाकर पैरेंट्स तथा युवाओं को समझाइश देकर छोड़ा गया है और सचेत किया गया कि यदि पुनः सुनसान इलाके में आपत्तिजनक अवस्था में पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# छाल पुलिस की जुआ रेड तथा सारंगढ़ पुलिस की अवैध शराब पर कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छाल पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 13.12.19 के शाम ग्राम बेहरामुडा नदी किनारे मैदान में जुआ खेल रहे जुआडियान को घेराबंद कर पकड़ी। जुआ फड पर जुवाडियान (1) गिरधारी डनसेना पिता बिसंभर डनसेना उम्र 35 वर्ष सा0 बरभौना (2) तीजराम धीरज पिता स्व0साधराम उम्र 23 वर्ष सा0 खेदापाली (3) चितेश साहू पिता अमीलाल साहू उम्र 24 वर्ष सा0 छाल (4) करम वारे पिता बरतराम वारे उम्र 30 वर्ष सा0 खेदापाली (5) नरेश कुमार चन्द्रा पिता सुकुल प्रसाद चन्द्रा उम्र 35 वर्ष सा0 रजगा थाना सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा को मौके पर दांव लगाकर जुआ खेलते हुये पकडा गया। आरोपियों के पास एवं फड से जुमला रूपये 4130/- रू व 52 पत्ती तास जप्त किया गया है, जिनके विरूद्ध थाना छाल में 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

सारंगढ़ पुलिस द्वारा आज दिनांक 14.12.2019 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बरभांठा सारंगढ़ में रहने वाली श्रीमती राजबाई कुर्रे पति गयाराम कुर्रे उम्र 46 वर्ष के घर शराब रेड की कार्यवाही किया गया। आरोपिया से शराब रखने व बेचने के संबंध में पूछताछ कर गवाहों के समक्ष प्लास्टिक के बॉटल में रखे 12 लिटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रूपये जप्त किया गया है। आरोपिया के विरूद्ध थाना सारंगढ़ में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### मुख्यमंत्री आज मुक्तेश्वर धाम जाएंगे

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल 15 दिसम्बर को रायपुर से दोपहर 1.00 बजे कार द्वारा रवाना होकर मुक्तेश्वर धाम चरौदा (धरसींवा) पहुंचेंगे और मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज 'राज अधिवेशन समारोह' में शामिल होंगे। इसके बाद वे अपरान्ह 3.00 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत 15 दिसम्बर को सेवेर 6.00 बजे कार द्वारा रायपुर से भिलाई जाएंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस रायपुर लौट आएंगे। भगत दोपहर 12 बजे कार द्वारा रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वें बिलासपुर में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद रात्रि 11.30 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन से दुर्ग-अम्बिकापुर ट्रेन द्वारा अम्बिकापुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

## नगरीय निकाय चुनाव में 67 हजार से अधिक संपत्ति विरूपण की हुई कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा से लेकर अब तक संपत्ति विरूपण के 67 हजार 677 मामलों में कार्रवाई की गई है।

राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदर्श आचरण संहिता के पालन के संदर्भ में शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों और निजी भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों से संपत्ति विरूपण जैसे वॉल पेंटिंग, पोस्टर, बैनर और होर्डिंग हटाने संबंधी कार्रवाई की गई है। इसके तहत शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों से कुल 50 हजार 956 तथा निजी भवनों एवं सार्वजनिक परिसरों से कुल 16 हजार 721 संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की गई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन वर्ष 2019-20 के लिए 10 नगर पालिक निगम, 38 नगर पालिका परिषद, 103 नगर पंचायतों में आम निर्वाचन तथा दो नगरीय निकायों में उप चुनाव हो रहा है।

## प्रनाम द्वारा ठेका मजदूरों से फर्जीवाड़े की शिकायत थाने में दर्ज करवाई गई

**भिलाई (आरएनएस)।** बीएसपी के लोको पायलट ठेका मजदूरों के साथ ठेकेदार द्वारा फर्जीवाड़ा करने के विरुद्ध प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के नेतृत्व में सैकड़ों मजदूरों ने भट्टी थाने में नामजद शिकायत दर्ज करवाई।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि, एचएससीएल बीएस पी के ठेकेदार फरहत कंस्ट्रक्शन के संचालक इजहार अहमद द्वारा फर्जी गेट पास और फर्जी हस्ताक्षर कर करोड़ों का घपला किया जाता है। फरहत कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सभी कर्मचारियों को एप्लाईज स्टेट इंश्योरेंस कंपनी (ई.एस.आइ.सी.) में चिकित्सा बीमा कराये जाने की भ्रामक जानकारी देकर फर्जीवाड़ा किया जाता है।

जबकि कर्मचारियों के वेतन से ई.एस.आई. की किश्त की कटौती तो की जाती है लेकिन जमा नहीं की जा रही है। जिससे ठेका कर्मचारियों चिकित्सा सुविधा से कर्मचारियों को वंचित होना पड़ रहा है। इसके अलावा वेतन से पीएफ का भी फरहद कंस्ट्रक्शन द्वारा पैसा काटा जाता है लेकिन जमा नहीं कर सैकड़ों मजदूरों के साथ छल व धोखाधड़ी की जा रही है। इस फर्जीवाड़े के आड़ में ठेकेदार द्वारा मुख्य नियोक्ता बीएसपी से करोड़ों रुपये लेकर मजदूरों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।

भट्टी थाने में दर्ज करवाए गए उपरोक्त मामले के शिकायतकर्ता पवन केसवानी ने इस मामले की जानकारी बीएसपी आई आर डिपार्टमेंट के प्रमुख डीजीएम एस.के. सोनी को भी दी गई। जहां उनसे सार्थक आश्वासन मिला। इस मजदुर आन्दोलन में प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के साथ योगेश्वर वर्मा ,अभिषेक गुप्ता, के रवि, हेमंत निषाद, हरेन्द्र शर्मा, शंकर रेड्डी आदि अनेक सैकड़ों युवा मजदुर शामिल थे।

## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में होंगे शामिल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री के आमंत्रण को स्वीकारा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए के त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निमंत्रण को लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार आज त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में वहां के मुख्यमंत्री बिप्लब देब से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें राज्य में 27 से 29 दिसंबर तक रायपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में आने के लिए आमंत्रित किया। देब ने ने इस अनूठे और भव्य आयोजन की सफलता के लिए अग्रिम बधाई देते हुए आमंत्रण स्वीकार कर आने की सहमति दी है।

उल्लेखनीय है कि 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के जनजाति समूहों की भागीदारी और सहभागिता के लिए और पड़ोसी देशों के कलाकारों को राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने मुख्यमंत्री बिप्लब देब को छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं और राज्य में संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी है। उन्होंने देब को बस्तर और सरगुजा वनांचल की जनजातीय संस्कृति, पर्यटन और वहां हो रहे विकास कार्यों से भी अवगत कराया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480